Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Maheshwari Smt. Kiran

an>

Title : Need to make lakes pollution free in the Country.

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान राजस्थान की कई लम्बित पड़ी योजनाओं की तरफ दिलाना चाहती हूं, खासतौर से झीलों से सम्बन्धित योजनाओं का मैं उल्लेख करना चाहूंगी। राजस्थान में उदयपुर को झीलों की नगरी कहा जाता है, यह शहर हिन्दुस्तान का वैनिस और राजस्थान का कश्मीर है। यहां एक नहीं, बहुत सारी झीलें हैं। पिछोला झील है, फतहसागर झील है, स्वरूपसागर झील है, उदयसागर झील है, राजसंमद झील है और साथ ही राजसंमद क्षेत्र लगा हुआ हैं जहां पर राजसंमद झील है और एक जयसंमद झील है जो एशिया की सबसे बड़ी स्वीट वाटर लेक है। इसलिए लेक कंजर्वेशन एक्ट बना हुआ है और सरकार ने झीलों के संरक्षण के लिए बहुत सारा बजट भी रखा हुआ है लेकिन सरकार इस ओर से बहुत उदासीन है और इसके संरक्षण के लिए कोई भी बजट आवंटित नहीं करती है। राजस्थान झीलों के संदर्भ में प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक है लेकिन उनके अंदर जो पानी का आवक है, उसके रास्ते खोलने हेतु और डिसिल्टेशन के लिए जो पैसा आवंटित करना चाहिए, उसके लिए हम योजनाएं भेज चुके हैं लेकिन सरकार की ओर से इन योजनाओं को स्वीकृत करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। इसलिए माननीय उपसभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृट करना चाहती हूं कि वे इस विाय में संवेदनशील बनें। इन झीलों को देखने के लिए देशी-विदेशी पर्यटक दूर-दूर से आते हैं और उदासीन हो जाते हैं। इसलिए सरकार झीलों के संरक्षण और डिसिल्टेशन के लिए पैसा आवंटित करे और पानी के आवक के मार्ग जो अवरुद्ध हो रहे हैं, उनके खोलने के लिए सरकार ध्यान दें - ऐसा मेरा निवेदन है।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री रघुनाथ झा। अनुपस्थित।

श्रीमती जयाबहन बी. ठक्कर। अनुपस्थित।